समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# कश्मीर मे लंगे पहलगाम हमले मे शामिल 3 आतंकियों के पोस्टर, 20 लाख का इनाम घोषित।

Publisher

Published on 13 May 2025



## पहलगाम हमले मे शामिल आतंकियों के ठिकाने का अभी तक पता नहीं चल सका है. सुरक्षाबलों ने इस हमले मे शामिल तीन आतंकियों का पोस्टर जारी किया है.

जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों ने पहलगाम हमले में शामिल तीन आतंकियों के पोस्टर जारी किए हैं. इन आतंकियों पर इनाम भी रखा गया है. पहलगाम में 26 पर्यटकों की जान चली गई थी, लेकिन अभी तक इस हमले में शामिल आतंकियों के ठिकाने का पता नहीं चल सका है. भारत ने पहलगाम का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया था. उसने इस दौरान आतंकियों के 9 ठिकाने तबाह किए थे.

सुरक्षाबलों ने पहलगाम हमले में शामिल आतंकियों के पोस्टर जारी किए है. इसके साथ ही इन पर 20 लाख रुपए का इनाम रखा है. ये पोस्टर जम्मू कश्मीर में लगाए हैं. ये आतंकी पाकिस्तान से भारतीय सीमा में दाखिल हुए थे. सेना ने जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया है. सेना ने स्थानीय नागरिकों से भी मदद मांगी है. इसको लेकर कई लोगों से पूछताछ भी हुई है.

ऑपरेशन सिंदूर में 9 आतंकी ठिकाने हुए तबाह
भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया. इसमें पाकिस्तान और पीओके में स्थिति 9 आतंकी ठिकाने तबाह कर दिए गए. पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारत के कई शहरों पर हमले की कोशिश की, लेकिन सेना ने उसके सभी हमलों को नाकाम कर दिया. भारत ने पाक सेना को मुंहतोड़ जवाब दिया.

प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को दी चेतावनी

पाकिस्तान ने ऑपरेशन सिंदूर से पहले और इसके बाद भारत को कई बार परमाणु बम की धमकी दी. इसको लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे करारा जवाब दिया है. पीएम मोदी ने कहा कि भारत अब परमाणु बम की धमकी नहीं सहेगा. ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान को काफी नुकसान पहुंचाया.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.